न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **बदीनारायण बनाम ओमप्रकाश** **किस्म मुकदमा – प्रार्थना पत्र स्थगन** **प्रकरण सं. – 23/2014**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
29.05.2018	**अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया की स्थगन प्रार्थना पत्र से सम्बन्धित मूल निगरानी उनवानी बद्रीनारायण बनाम ओमप्रकाश वगैरा विरूद्ध पटटा दिनांक 15.09.1977 बहक मूलचन्द पुत्र सोन्या ग्राम पंचायत मिर्जापुरा तहसील लालसोट जिला दौसा में पत्रावली अधीनस्थ न्यायालय के मूल रिकार्ड तलब किये जाने हेतु नियत है। अतः प्रकरण में दिनांक 17.02.2016 को जारी स्थगन आदेश को मूल अपील के निर्णय होने तक प्रभावी रखा जावे।** **प्रार्थना पत्र स्थगन एवं मूल निगरानी की पत्रावलियों का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत मिर्जापुरा तहसील लालसोट जिला दौसा द्वारा जारी पटटा दिनांक 15.09.1977 से सम्बन्धित विवादग्रस्त आराजी के मौके की यथास्थिति रखी जावे एवं कोई निर्माण कार्य नही किये जाने हेतु दिनांक 17.02.2016 को जारी स्थगन आदेश मूल निगरानी प्रकरण के निर्णित होने तक प्रभावी रखा जाता है। निर्णय की प्रति तहसीलदार लालसोट को भिजवाई जावे। प्रार्थना पत्र स्थगन से सम्बन्धित पत्रावली फैसल शुमार होकर मूल निगरानी पत्रावली के सलग्न की जावे। निर्णय आज दिनांक 29.05.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।** अति0 जिला कलक्टर	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official